हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के अपने सामूहिक संकल्प को नवीकृत करने का आग्रह किया है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी को हर घर तिरंगा अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाना है।

श्री मोदी ने कहा कि तिरंगा हमारा गौरव है और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि इस वर्ष के प्रयास वंदे मातरम को समर्पित हैं और वह भी ऐसे समय में जब हम इसकी 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

***********************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 के पदक विजेताओं से कल नई दिल्ली में अपने आवास पर मुलाकात की। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रमंडल खेल के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा –

श्री मोदी ने कहा कि सम्मान केवल पदक जीतने में नहीं बल्कि, एक युवा प्रतिभा के रूप में उत्कृष्ट खेल दिखाने में है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया की गरिमा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। भारोत्तोलक सैखोम मीरा बाई चानू से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी विजय भावी पीढियों को प्रेरित करेगी।

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया तथा युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

भारत ने 23 जुलाई से इस महीने की दो तारीख तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में सम्पन्न राष्ट्रमंडल खेलों में चौथा स्थान हासिल किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित 39 पदक जीते।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत प्रदेश के 50 लाख 48 हजार 73 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 1,595 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की। लाभ वितरण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने एक पत्रकार वार्ता में योजनाओं के तहत दी गई राशि और सरकार की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 10वीं किस्त जारी कर दी गई है।

उन्होंने कहा की प्रदेश की 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत भी आज 1,124 करोड़ 94 लाख रुपए जारी किए गए। यह राशि सीधे 34 लाख 93 हजार 978 लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि DBT के माध्यम से किया जा रहा भुगतान सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

*************************************************************